**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या- *50**

**गुरुवार, 24 जुलाई, 2025/2 श्रावण, 1947 (शक)**

**राष्ट्रीय कैरियर सेवा**

**50. श्री रायगा कृष्णैया:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नियोक्ताओं तथा नौकरी के इच्छुक व्यक्तियों, प्रशिक्षण और कैरियर संबंधी मार्गदर्शन के इच्छुक अभ्यार्थियों के बीच की दूरी को खत्म करने में राष्ट्रीय कैरियर सेवा (एनसीएस) की क्या भूमिका है;

(ख) आज की स्थिति के अनुसार सक्रिय नियोक्ताओं और वर्तमान में उपलब्ध रिक्तियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी-कितनी है; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले नए नियोक्ताओं और नौकरी के इच्छुक नए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार मंत्री**

**(डॉ मनसुख मांडविया)**

**(क) से (ग):** एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*

**"राष्ट्रीय कैरियर सेवा" के संबंध में श्री रायगा कृष्णैया द्वारा दिनांक 24.07.2025 को पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *50 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**(**क) से (ग): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म **[www.ncs.gov.in]** के माध्यम से निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों**,** ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी**,** नौकरी खोज और मिलान**,** करियर परामर्श**,** व्यावसायिक मार्गदर्शन**,** कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी**,** कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

दिनांक 14.07.2025 तक, एनसीएस पोर्टल में 48 लाख से अधिक सक्रिय नियोक्ता और 40 लाख से अधिक सक्रिय रिक्तियां हैं। एनसीएस पोर्टल पर सक्रिय नियोक्ताओं और सक्रिय रिक्तियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, एनसीएस पोर्टल पर 17 लाख से अधिक नए नियोक्ताओं और 1.45 करोड़ से अधिक नए रोजगार चाहने वालों ने पंजीकरण किया है।

*****

**अनुबंध**

**राज्य सभा के दिनांक 24.07.2025 के तारांकित प्रश्न संख्या *50 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**एनसीएस पोर्टल पर सक्रिय नियोक्ताओं और सक्रिय रिक्तियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | सक्रिय नियोक्ता | सक्रिय रिक्तियां |
|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 2,197 | - |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 1,58,559 | 4,681 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 4,103 | 1,100 |
| 4. | असम | 1,33,038 | 10,113 |
| 5. | बिहार | 2,23,986 | 26,911 |
| 6. | चंडीगढ़ | 6,741 | 4,950 |
| 7. | छत्तीसगढ़ | 94,981 | 5,619 |
| 8. | दादरा और नगर हवेली | 404 | - |
| 9. | दमन और दीव | 255 | 6 |
| 10. | दिल्ली | 1,40,803 | 13,748 |
| 11. | गोवा | 10,699 | 165 |
| 12. | गुजरात | 2,59,846 | 20,099 |
| 13. | हरियाणा | 1,52,937 | 13,811 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 32,177 | 2,229 |
| 15. | जम्मू और कश्मीर | 66,031 | 4,540 |
| 16. | झारखंड | 90,222 | 6,176 |
| 17. | कर्नाटक | 2,52,677 | 22,361 |
| 18. | केरल | 87,844 | 8,700 |
| 19. | लददाख | 1,373 | - |
| 20. | लक्षदवीप | 96 | 19 |
| 21. | मध्य प्रदेश | 2,67,265 | 7,339 |
| 22. | महाराष्ट्र | 8,70,482 | 26,075 |
| 23. | मणिपुर | 21,596 | 888 |
| 24. | मेघालय | 6,887 | 585 |
| 25. | मिजोरम | 4,485 | 693 |
| 26. | नागालैंड | 5,563 | 649 |
| 27. | ओडिशा | 1,53,820 | 10,711 |
| 28. | पुदुचेरी | 6,121 | 178 |
| 29. | पंजाब | 1,48,949 | 6,796 |
| 30. | राजस्थान | 2,99,564 | 10,953 |
| 31. | सिक्किम | 2,547 | 502 |
| 32. | तमिलनाडु | 3,23,877 | 14,676 |
| 33. | तेलंगाना | 1,97,905 | 9,125 |
| 34. | त्रिपुरा | 10,855 | 1,539 |
| 35. | उत्तर प्रदेश | 4,80,578 | 34,320 |
| 36. | उत्तराखंड | 51,208 | 1,946 |
| 37. | पश्चिम बंगाल | 2,82,200 | 62,855 |
| 38. | एकाधिक राज्य | - | 16,13,586 |
| 39. | राज्य निर्दिष्ट नहीं है | 2 | 20,56,384 |
| **योग** | | **48,52,873** | **40,05,028** |